| केन्द्रीय विद्यालय ओ एन जी सी मेहसाना<br>अतिथि गृह के पास, मेहसाणा<br>पिन –384002 (गुजरात)<br>दूरभाष: 02762-252298<br>सीबीएसई संबंधन नं: 400012<br>विद्यालय कोड: 14120<br>केवि कोड: 1032 | केन्द्रीय विद्यालय संगठन | KENDRIYA VIDYALAYA ONGC MEHSANA<br>Near Circuit House, Mehsana<br>Pin-384002, Gujarat<br>CBSE Affiliation No. 400012<br>School Code- 14120<br>KV Code- 1032 |
| --- | --- | --- |

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
AN AUTONOMOUS ORGANISATION UNDER EDUCATION MINISTRY, GOVT. OF INDIA

वेबसाइट: ongcmehsana.kvs.ac.in ई-मेल: mehsanakvongc123@yahoo.co.in

पत्रांक- F. 084/1032/के.वि./मेहसाना/2025-26/276 दिनांक/ Date: 12/09/2025

## नीलामी सूचना

उपायुक्त, के वि सं क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद सम्भाग के पत्र संख्या 12084/2024-25/के.वि.सं/अह. संभाग/प्रशासन/ दिनांक 18.03.2025 के संदर्भ में केन्द्रीय विद्यालय ओएनजीसी, मेहसाणा के कंप्यूटर विभाग, भौतिकी विभाग, कार्यानुभव विभाग, पुस्तकालय और फर्नीचर विभाग की अनुपयोगी वस्तुओं का निपटान दिनांक **23 सितंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे** विद्यालय परिसर में सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। सभी इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त स्थल और समय पर बोली लगाने के लिए एकत्रित हों। सामग्री की स्थिति का निरीक्षण **23.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे** के बीच किया जा सकता है। प्रत्येक वस्तु के लिए न्यूनतम बोली राशि प्राचार्य द्वारा तय की जाएगी । उच्चतम बोली स्वीकार की जाएगी। वस्तुएँ **जहाँ है जैसी है** के आधार पर उच्चतम बोली लगाने वाले को दी जाएँगी। सबसे ऊँची बोली लगाने वाले बोलीदाता को उसी दिन विद्यालय में बोली पूरी होने के बाद पूरी राशि जमा करनी होगी। अनुपयोगी उपकरणों का कुल बही मूल्य **₹1709733/-** है।

नियम एवं शर्तें:

1. बोलीदाता को नीलामी के समय घोषित किए जाने वाले नियमों का पालन करना होगा।
2. आरक्षित मूल्य केवल नीलामी के समय ही घोषित किया जाएगा।
3. यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसकी अग्रिम राशि जब्त कर ली जाएगी और सामान अगले उच्चतर बोलीदाता को बेच दिया जाएगा।
4. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पहले अग्रिम राशि के रूप में रू.100/- जमा करने होंगे।
5. सबसे ऊँची बोली लगाने वाले को नीलामी राशि मौके पर ही जमा करनी होगी और सामान को उसी दिन अपने स्वयं के श्रम और वाहन का उपयोग करके हटा लेना होगा।
6. सबसे ऊँची बोली लगाने वाले को नीलाम की गई वस्तुओं का पर्यावरण-अनुकूल / ई-कचरा निपटान करने का लिखित वचन देना होगा ।

प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय ओ एन जी सी मेहसाना
Kendriya Vidyalaya ONGC Mehsana
384002

**प्रतिलिपि:-**

1. अध्यक्ष, वि.प्र.स. के वि ओएनजीसी मेहसाणा को सूचनार्थ
2. उपायुक्त, के वि सं क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद
3. अहमदाबाद क्षेत्र के समस्त केन्द्रीय विद्यालय, व्यापक प्रचार के अनुरोध सहित ।
4. विद्यालय सूचना पट्ट एवं विद्यालय वेबसाइट ।
5. संबंधित विभागाध्यक्ष ।